हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 अगस्त, 2025

तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

12 हार्ट सेंटर में दिल का उपचार हुआ महंगा




12 हरियाणवी नृत्य से कलाकारों ने मचाया धमाल



## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 40 लाख ठगे

**नारायणगढ़।** ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम व पुराने पैसे न लौटने पर व्यक्ति से 40 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पुलिस ने पीड़ित लाभ सिंह की शिकायत पर मोहाली के संजीव कुमार व दीपक पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। भूखड़ी गांव के लाभ सिंह ने बताया कि उनका आरोपी संजीव कुमार के साथ लेनदेन चलता रहता था। 2012-13 में आरोपी ने 20 लाख रुपये लिए थे। लंबे समय तक लौटाए नहीं। 2018-19 में बोला कि वह किसी एक व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया में स्टडी वीजा पर भेज देगा। झांसे में लेने के बाद 20 लाख रुपये की राशि एक रिश्तेदार को विदेश भेजने के नाम पर ले ली। बाद में विदेश भी नहीं भेजा। जो चैक दिए थे वो भी बाउंस हो गए। रुपये मांगने पर धमका रहा है।

### सिख आदर्शों से छेड़छाड़ निंदनीय : जगतार सिंह

**समालखा।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगतार सिंह बिल्ला ने कहा कि गुरबाणी एवं सिख आदर्शों से छेड़छाड़ एक निंदनीय घटना और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चैट जीपीटी, डीपसीक और गूगल जैसे कुछ एआई उपकरणों द्वारा विभिन्न अनुप्रयोगों के माध्यम से गुरबाणी, सिख इतिहास और आदर्शों के बारे में गलत जानकारी फैलाने के नापाक प्रयास की कड़ी निंदा की।

### शिक्षा मंत्री के आवास पर अध्यापकों का अनशन

**पानीपत।** पूर्व घोषित निर्णय के तहत शिक्षक तबादला संघर्ष समिति हरियाणा ने जल्दी ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित आवास पर सांकेतिक अनशन राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण के नेतृत्व में किया गया। अनशन में महिला विंग की राज्य प्रधान जसबीर कौर, राज्य सचिव पवन कुमार वर्मा, राज्य सह सचिव सलिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, जसमिंदर दलाल, प्रताप सिंह, रेणु गुलिया, ऋषिराज नरवाल, योगेश कुमार, संजय कुमार, सुरेंद्र सिंह शामिल रहे और उन्होंने मंत्री के ओएसडी गुलाब पांचाल को ज्ञापन सौंपा।

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रथम प्रकाश पर्व मनाया

**करनाल।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी, नूरमहल चौक, सेक्टर 32 में बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। सुबह 370वें अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया, जिसके बाद चौपारा समागम का आयोजन हुआ। जत्थेदार बाबा गुलाब सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने अमृत छका। पंच प्यारों और गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव भाई इंद्रपाल सिंह को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। हजारों श्रद्धालु संगत ने मत्था टेका और अटूट लंगर का आनंद लिया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। जत्थेदार ने कहा कि यह गुरुद्वारा हर रविवार को चौपारा समागम व सेवाभावी गतिविधियों का केंद्र बन चुका है, जहां आस्था के साथ समाजसेवा भी निरंतर चलती रहती है।

### कृष्णा गोयल फाउंडेशन सम्मान समारोह आज

**लाडवा।** भारत विकास परिषद लाडवा एवं कृष्णा गोयल फाउंडेशन द्वारा सोमवार को लाडवा की शिवाला रामकुंडी में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन करेगी। कार्यक्रम में जहां जरूरतमंद बच्चों को सामान वितरण किया जाएगा, वहीं विभिन्न विद्यालयों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। यह जानकारी परिषद के प्रकल्प प्रमुख डा.अमृतपाल गर्ग ने दी। कार्यक्रम में विशेष प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ की ओर से गीता ज्ञान संस्थानम में कृष्ण-कश्यप कुरुक्षेत्र तीर्थाटन का आयोजन

# कुरुक्षेत्र व कश्मीर में गहरा सांस्कृतिक संबंध : सीएम

- झांकी यात्रा में दिखा अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम
- कश्मीर हिंदुओं की संस्कृति को संवर्धित करने के लिए प्रतिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र की धरा गीता ज्ञान और कश्मीर कश्यप ऋषि व अध्यात्म का केंद्र है। कुरुक्षेत्र और कश्मीर के बीच गहरा सांस्कृतिक संबंध हैं। कश्मीर मां शारदा की धरती है। कश्मीरी हिंदुओं की संस्कृति और धार्मिक आस्था तथा वैचारिक धरोहर को संवर्धित करने में हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में पंचकूला और गुरुग्राम में कश्मीरी हेरिटेज के संरक्षण हेतु परियोजनाएं विचाराधीन हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ द्वारा गीता ज्ञान संस्थानम में कृष्ण-कश्यप कुरुक्षेत्र तीर्थाटन-2025 में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। समारोह की अध्यक्षता गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद ने की। मुख्यमंत्री ने गीता पूजन के साथ विधिवत रूप से समारोह की शुरुआत की। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने अतिथियों का स्वागत किया और सीएम को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि कश्मीरी हिंदू प्रकोष्ठ अपनी समृद्ध संस्कृति को बचाने और बढ़ाने के लिए अद्भुत प्रयास कर रहा है। इस दिशा में युवाओं को आगे लाए जाने की आवश्यकता है, ताकि वह अपनी संस्कृति से जुड़ें और अपनी संस्कृति रीति-नीति को और आगे लेकर जाएंगे। यह सम्मेलन कश्मीर की समृद्ध विरासत को संजोता है, जो भारत की आत्मा से जुड़ा है। कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण ने गीता का अमर संदेश दिया।




**कुरुक्षेत्र।** कृष्ण-कश्यप कुरुक्षेत्र तीर्थाटन में उपस्थित सीएम नायब सिंह सैनी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर ने कई विस्थापनों की पीड़ा सही, फिर भी कश्मीरी हिंदुओं ने कर्म नहीं छोड़ा। 1990 में लाखों कश्मीरी हिंदू विस्थापित हुए, लेकिन उनकी विद्या और दृढ़ता ने उन्हें वैश्विक मंच पर स्थापित किया। यह उनके सामर्थ्य की ताकत को दर्शाता है। 19 जनवरी 1990 की रात ने कश्मीर को घायल किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कश्मीरी हिंदुओं की वेदना को समझा है और विस्थापितों के लिए अभूतपूर्व योजनाएं बनाई हैं। कश्मीरी हिंदुओं के पुनर्वास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। हरियाणा में भी लगभग कश्मीरी हिंदू रह रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार भी कश्मीरी हिंदुओं के प्रति संवेदनशील है। हरियाणा में कश्मीर हिंदू परिवारों के बेहतर जीवन यापन के लिए सरकार प्रयासरत है। हरियाणा के शैक्षणिक संस्थानों में विस्थापित कश्मीरी हिंदुओं के बच्चों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अजय पंडिता, पंकज धर, अमित रैना, संजय गारू, प्रोफेसर बामजाई, प्रोफेसर अंकुश अंबदार, वीरेंद्र, एडवोकेट राजेश कौल, कुलपति सोमनाथ सचदेवा, स्वामी कुमार, मुकेश गर्ग सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा : नायब सैनी

- गांव पटाक माजरा में विकास के लिए की 21 लाख रुपये देने की घोषणा की

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संविधान की पुस्तक को सिर पर उठाकर विपक्ष ने भ्रम फैलाने का काम किया कि यदि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो इस संविधान को खत्म करेंगे, संविधान तो खत्म नहीं हुआ, परंतु जनता ने कांग्रेस को देश से जरूर खत्म कर दिया। अब विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है।

ऐसे में कांग्रेस पार्टी झूठ फैलाने का काम कर रही है। जनता ने कांग्रेस को पूरी तरह से नाकार दिया है। चुनाव में हारने के बाद ये पहले ईवीएम को दोष देते थे, जबकि यह एक पारदर्शी व्यवस्था है, जिसे वोट देंगे वोट उसी को ही जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र के गांव पटाक माजरा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई सभी मांगों को संबंधित विभाग के पास भेज कर पूरा करवाने का आश्वासन दिया और साथ ही पंचायत के कामों के लिए 21 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि विधानसभा में कुछ विपक्ष के लोग विवाद खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं। हम हर बिंदु पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में समान विकास तेज गति से करते हुए देश को आगे बढ़ाया है। इसी काम की बदौलत दुनिया में भारत का नाम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले सप्ताह 2000 करोड़ की दो परियोजनाएं प्रदेश के लिए दी हैं। जिससे प्रदेश के विकास को गति मिलेगी और लोगों को बेहतर कनैक्टिविटी की सुविधा मिलेगी।



**कुरुक्षेत्र।** पटाक माजरा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी।

## वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

- गांव छप्पर में हुआ हादसा मृतक की नहीं हुई शिनाख्त
- अन्य स्थानों पर सड़क हादसों में महिला समेत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पंचकूला-रुड़की हाइवे पर छप्पर बस स्टैंड समीप 30 वर्षीय युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची थाना छप्पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया।

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं, अन्य स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत दो घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में सरस्वती नगर निवासी अमन कुमार ने बताया कि वह बाइक से कलावड़ काम पर जा रहा था। इस दौरान छप्पर के नए बस स्टैंड के पास पंचकुला-रुड़की हाइवे पर एक युवक सड़क पार रहा था, जिसे वहां से निकल रहे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। वाहन चालक युवक को रौंद कर निकल गया। मामले की जांच कर रहे जांच अधिकारी राजबीर सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आसपास पूछताछ की गई पर उसका कुछ पता नहीं चल पाया। शव को जगाधरी के शवगृह में रखवा दिया है।

युवक की उम्र 30 साल होने का अनुमान है। हादसे के समय युवक नीले रंग की टीशर्ट व भूरे रंग की निकर पहने हुए था। युवक को फुलवेरी हो रखी है।

### सेक्टर-17 में महिला घायल

जगाधरी के सेक्टर-17 निवासी नैंसी शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 अगस्त की रात किसी काम से सेक्टर-17 के श्री राधा-कृष्ण मंदिर समीप गई थी। यहां एक अज्ञात कार चालक ने तेज रफ्तार में लापरवाही से कार चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गई और कार चालक भाग गया।

उधर, थाना बूड़िया पुलिस को दी शिकायत में गांव मालीमाजरा निवासी मनीष कुमार ने बताया कि 26 अगस्त की शाम गांव सुध माजरी काम से गए थे, जहां अज्ञात ट्रैक्टर चालक ने तेज रफ्तार में लापरवाही से ट्रैक्टर चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गए और ट्रैक्टर चालक भाग गया।

## चलते ट्रक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान


- काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू
- केबिन में वायरिंग में शार्ट सर्किट से आग लगने की कही गई बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

देर रात चंडीगढ़-हिसार नेशनल हाईवे पर एक चलते ट्रक में आग लग गई। चालक ने ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाई। कुछ देर में ही ट्रक से आग की लपटें निकलने लगी। अचानक सड़क पर ट्रक में लगी आग से अफरातफरी मच गइ। मौके पर जुटे लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बाद फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड के दस्ते ने मुश्किल से आग पर काबू पाया।

ट्रक में अचानक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। दरअसल चंडीगढ़-हिसार हाइवे पर देर रात करीब 11 बजे एक ट्रक में के केबिन में आग लग गई थी। ड्राइवर ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर खुद कूद गया। इसके कुछ समय बाद ही ट्रक से आग की भयानक लपटें निकलने लगी। देखते ही देखते ट्रक पूरी तरह से आग की चपेट में आ गया। इसके बाद मिली सूचना के आधार पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड के अधिकारियों की मानें तो यह आग ट्रक के केबिन में लगे इलेक्ट्रिकल आइटम से भड़की है। कर्मियों को आग बुझाने में आधे घंटे का समय लगा।



**अंबाला।** सड़क किनारे खड़े ट्रक से निकलती आग की लपटें।

### ट्रक का केबिन खाक

आग के चलते ट्रक का केबिन पूरी तरह खाक हो गया। आग लगती देख ट्रक ड्राइवर ने तुंरत केबिन के सभी स्विच काटे और फायर ब्रिगेड को फोन किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी पंकज पाराशर ने बताया कि सूचना पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची थी। इसके बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि पहली नजर में आग का मामला ट्रक में वायरिंग के शॉर्ट सर्किट का लग रहा है। फिर भी इसकी गहन जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि अगर चालक तत्परता न दिखाता तो इस घटना में जानी नुकसान की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता था।

## सही बजट के बिना अस्पताल नहीं देंगे आयुष्मान सुविधा

- पानीपत में जुटे देशभर के डॉक्टर, आयुष्मान घोषणा पत्र जलाकर जताया विरोध

**पानीपत।** पानीपत में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में देश भर से आईएमए से जुडे डॉक्टर्स ने बैठक में भाग लिया। वहीं हरियाणा से अलग-अलग जिलों से आए डॉक्टर्स ने आयुष्मान घोषणा पत्र की प्रीतियों को जलाकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए। वहीं आईएमए ने सरकार को चेतावनी दी की जब तक सही ढंग से कोई योजना नहीं बनेगी तब तक प्रदेश का कोई भी हॉस्पिटल आयुष्मान सुविधा मरीजों को उपलब्ध नहीं कराएगा।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दलीप पी.भानुशाली के डॉक्टर सरकार से कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। वहीं, हरियाणा की आईएमए ने मुख्यमंत्री के साथ एक मीटिंग की थी। उन्होंने 500 करोड़ रुपये के बकाया का भुगतान किया था। सरकार कह रही है कि वे अनुपूरक (सप्लीमेंट्री) बजट लाएंगे. जब तक सरकार यह नहीं समझती कि आयुष्मान अस्पताल उनके साझेदार हैं और उनकी तरफ से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, तब तक यह योजना नहीं चल पाएगी। अगर सरकार की मंशा अच्छी है तो यह योजना चल सकती है, नहीं तो हर तीन महीने में यही समस्या आएगी।




**पानीपत।** आईएमए से जुडे डॉक्टर्स आयुष्मान घोषणा पत्र की प्रीतियों को फाड़ते हुए।

## युवक से हड़पे साढ़े दस लाख रुपये

- पुलिस ने तीन आरोपियों पर दर्ज किया केस

**यमुनानगर।** गांव मारवा कला निवासी इशप्रीत सिंह को विदेश भेजने के नाम पर साढ़े 10 लाख रुपए हड़प लिए गए। आरोप मोहाली के एसएएस नगर फेस 10 सेक्टर 68 स्थित बाज इंटरनेशनल कंसलटेंसी के प्रोपराइटर तथा कमलजीत सिंह व प्रियंका शर्मा पर लगा है।

पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मारवाकला निवासी इशप्रीत सिंह ने बिलासपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि मोहाली के एसएएस नगर स्थित बाज इंटरनेशनल कंसलटेंसी के कार्यालय में युवाओं को विदेश भेजने का काम किया जाता है। वह मार्च 2024 में आरोपियों के कार्यालय में गया। जहां पर उसकी मुलाकात कमलजीत सिंह, प्रियंका शर्मा व अन्य व्यक्ति के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। उसने आरोपियों पर विश्वास करके हां कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उससे अलग-अलग तारीख में साढ़े दस लाख रुपए तथा उसके दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा।

जब उसने इस बारे में आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद कमलजीत सिंह व प्रियंका शर्मा को नामजद करते हुए एक अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल रहे अभिनंदन समारोह में मुख्यातिथि

# बाबूराम ने किया खूंखार नक्सलियों का सफाया

- डीआईजी बाबूराम व उनकी धर्मपत्नी का पैत्रिक गांव जड़ौदी में पहुंचने पर नागरिक अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला यमुनानगर के गांव जडौदी के रहने वाले 2009 बैच के बिहार कैडर के आईपीएस डीआईजी बाबूराम को केंद्र सरकार द्वारा उनकी असाधारण वीरता, अपने कार्यों के प्रति ईमानदार रहने व मेहनत के लिए वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। रविवार को उनके गांव में पहुंचने पर नागरिक अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया।

उन्होंने और ग्रामीणों ने आईपीएस डीआईजी बाबूराम व उनकी धर्मपत्नी प्रभा सागर को फूलमालाएं पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने आईपीएस डीआईजी बाबूराम की वीरता के बारे में बताया कि उन्होंने बिहार में नक्सलवाद से प्रभावित अति संवेदनशील जिले औरंगाबाद में अपनी टीम के साथ अनेक अभियान चलाकर खूंखार नक्सलियों का सफाया किया। उन्होंने बताया कि आईपीएस डीआईजी बाबूराम को प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली मैट्रो रेल कारपोरेशन का सुरक्षा हैड निदेशक नियुक्त किया गया है। वह सीआईएसएफ के डीआईजी के तौर पर दिल्ली मैट्रो रेल कारपोरेशन में दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र के सुरक्षा हैड के तौर पर कार्यारत हैं। आज वह अपने गांव जड़ौदी पहुंचे हैं। जिनका उन्होंने, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग सदस्य अमर सिंह,पूर्व मेयर मदन चौहान, वरिष्ठ भाजपा नेत्री बंतो कटारिया, समाजसेवी सोमप्रकाश नम्बरदार, जिला महामंत्री प्रवीण खदरी ,जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व भाजपा नेता सोम प्रकाश नंबरदार आदि को नागरिक अभिनंदन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मौके पर डीआईजी बाबूराम ने अपनी धर्मपत्नी प्रभा सागर के साथ गांव जडौदी में पहुंचकर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के मंदिर में पहुंचकर उनके चरणो में प्रणाम करके व संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर स्वर्गीय भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चरणों में नमन कर आशीर्वाद लिया।




**यमुनानगर।** गांव जड़ौदी में आयोजित समारोह में डीआईजी बाबूराम व उनकी धर्मपत्नी प्रभा सागर का नागरिक अभिनंदन करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

### भावुक पल : डीआईजी

इस दौरान डीआईजी बाबूराम ने कहा की है उनके लिए यह बड़ा भावुक करने वाला पल है कि इस छोटे से गांव से आज दिल्ली में व पहले बिहार प्रदेश में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली व उन्हें असाधारण वीरता के लिए वीरता पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इस सफलता के पीछे उन्होंने गांव में रहने वाले सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर जड़ौदी गांव के सरपंच, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, मंडल अध्यक्ष कृष्ण खदरी, पार्षद रीना रस्तोगी व पार्षद रणजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में सम्मेलन 31 अगस्त को




**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर बिजली के निजीकरण के और प्रीपेड स्मार्ट मीटर स्कीम के विरोध में राज्य स्तरीय सम्मेलन 31 अगस्त को नरवाना की जाट धर्मशाला में होगा। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने बताया कि बिजली के निजीकरण के खिलाफ, स्मार्ट मीटर स्कीम पर तत्काल रोक लगाने, बढ़ाए गये बिजली के दाम वापिस लो कि मांग को लेकर यह सम्मेलन बुलाया है। देश के हर नागरिक को न्यूनतम संभव कीमत पर बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही आजादी के बाद बिजली को एक जन-कल्याणकारी सेवा माना गया था। लेकिन 1990 के दशक में भूमंडलीकरण की आर्थिक नीतियां लागू होने के बाद बिजली को खरीद-फरोख्त की वस्तु में तब्दील कर दिया गया ताकि निजी व्यापारिक कंपनियां मनमाना मुनाफा लूट सकें। बिजली कानून-2003 इसी उद्देश्य से बनाया गया। जिला सचिव कामरेड कृष्ण चंद ने बताया कि तत्कालीन हरियाणा सरकार ने भी बिजली बोर्ड को भंग करके इसे उत्पादन, वितरण व प्रसारण कंपनियों में विभक्त कर दिया। इसके बाद सत्ता में जो भी सरकार आयी, उसने तेजी से बिजली का निजीकरण किया। बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन से लेकर बिल भरने तक तमाम तरह के रेट कई गुना बढ़ा दिये गये। अब स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के पीछे भी सरकार की यही मंशा है।

## खबर संक्षेप



### श्री शिव खेड़ा मंदिर में मनाया खेड़ा दिवस

**यमुनानगर।** यमुनानगर की रामपुरा कालोनी स्थित श्री शिव खेड़ा मंदिर में रविवार को खेड़ा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री शिव खेड़ा मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी हरीश दुग्गल व प्रधान इंदर शर्मा ने बताया कि रविवार सुबह पहले खेड़ा की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की समाप्ति के बाद ढ़ोल धमाके के साथ नगर परिक्रमा की गई। इस अवसर पर गौरव, दविंदर सैनी, धीरज गुजराल, भूपेंद्र मग्गो, मंगल शर्मा, प्रिंस शर्मा ,रोहित शर्मा, सतपाल मेहता, रमेश कुमार व ओम प्रकाश उर्फ फौजी आदि मौजूद रहे।

### रेस्तरां व दुकान से नकदी व सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर के जगाधरी वर्कशॉप स्थित रेस्तरां व खालसा कॉलेज रोड स्थित दुकान से चोरों ने नकदी व सामान चोरी कर लिया। शहर यमुनानगर पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-17 निवासी यशपाल ने बताया कि उनका वर्कशॉप रोड पर शहीद भगत सिंह चौक के पास रेस्तरां है। जहां से 22 अगस्त की रात काम खत्म कर वह व अन्य कर्मी घर लौट आए थे। अगली सुबह सुबह रेस्तरां पहुंचने पर पाया कि काउंटर से 30 हजार की नकदी व लैपटॉप चोरी है। जांच करने पर पाया कि रेस्तरां की खिड़की का दरवाजा और सीसीटीवी कैमरे टूटे हैं।

### खरीफ फसलों का 31 तक करवाएं पंजीकरण

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।



उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर खरीफ फसलों का 31 अगस्त तक पंजीकरण करवाए जाने के लिए आहवान किया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जो किसान अपने खेतों में खरीब फसलों की बुवाई कर चुके हैं। वे उपरोक्त पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करा लें। इसके लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई।

---

### विधायक अरोड़ा ने बुड़िया व यमुना मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

# केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से पहुंच रहा है हर वर्ग को लाभ

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिन रात हरियाणा को अग्रणीय राज्य बनाने में लगे हुए हैं
- राज्य की बुढ़ापा पेंशन योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा व भावांतर भरपाई योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से हर जाति वर्ग के लोग खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

**कार्यकर्ताओं से रूबरू होते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा**



**यमुनानगर।** भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित बुड़िया व यमुना मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटोः हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र के बुड़िया मंडल व यमुना मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक रविवार को पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने सिटी विधायक का फुलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिन रात हरियाणा को अग्रणीय राज्य बनाने में लगे हुए हैं। हरियाणा राज्य की बुढ़ापा पेंशन योजना, मेरी फसल मेरा ब्यौरा व भावांतर भरपाई योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से हर जाति वर्ग के लोग खुश हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना,प्रधानमंत्री शहरी विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना व जन धन आदि योजनाओं से लोगों को लाभ पहुंच रहा है।

मौके पर भाजपा की वरिष्ठ नेत्री बंतो कटारिया, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद, पूर्व चेयरमैन राम निवास गर्ग, जिला सचिव अभिषेक अरोड़ा,मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार,मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, जिला उपाध्यक्ष सविता कांबोज, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व अशोक चनेटी आदि मौजूद रहे।

---

## वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक से देसी कट्टा बरामद

- पुलिस टीम ने आरोपी को आहड़वाला सरकारी कॉलेज के पास से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव आहड़वाला सरकारी कॉलेज के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्ज एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिपाही राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि आहड़वाला सरकारी कॉलेज के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। देसी कट्टा लोडेड था। पुलिस ने देसी कट्टे को कब्जे में लेकर आरोपी से पूछताछ की तो उसकी पहचान गांव सुंदरपुर निवासी शाहरुख खान के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## रादौर में संदिग्ध हालत में मृत मिला बंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

रादौर की टेलीफोन एक्सचेंज परिसर से संदिग्ध हालत में एक बंदर मृत मिला है और एक बंदर गंभीर हालत में मिला है। नागरिकों ने मृत बंद के मुंह से खून निकला होने पर उसकी जहरीला पदार्थ देकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। रादौर के नागरिकों ने पुलिस को शिकायत देकर मामले में जांचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रादौर पुलिस को किसी ने सूचना दी कि कस्बा की टेलीफोन एक्सचेंज के पास एक बंदर मृत पड़ा है और एक बंदर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस व नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, त्रिलोचन सिंह टोची, मंगतराम बठला, अमित कांबोज, गुरदयाल सैनी, पार्षद देवेंद्र सैनी व रामकुमार आदि समेत अन्य नागरिक मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस ने मृत बंदर के शव को पोस्टमार्टम के लिए पशुपालन विभाग के पास भेज दिया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी टेलीफोन एक्सचेंज के पास से चार बंदर मृत हालत में मिले थे। उनके मुंह से भी इसी प्रकार खून निकल रहा था।

---

### जिलेवासियों के लिए एडवाइजरी जारी

## बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर रखें पैनी नजरः एसपी

- एसपी गोयल ने जिलेवासियों को अपने बच्चों को नदी, नालों व नहरों के किनारे नहीं जाने के लिए किया आहवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



कार्यालय में जारी की गई एडवाइजरी की जानकारी देते हुए एसपी कमलदीप

गर्मी के मौसम में अपने बच्चों पर पैनी नजर रखें और उन्हें नदी, नाले, तालाब तथा स्विमिंग पूल आदि स्थानों पर अकेला नहीं जाने दें। ताकि वह सुरक्षित रह सकें। रविवार को जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने एडवाइजरी जारी करते हुए जिलेवासियों को आहवान किया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि अक्सर गर्मी के मौसम में कई बार बच्चे व युवक इकट्ठे होकर नहाने के लिए किसी नदीए, नाले या तालाब आदि में जाकर नहाने लगते हैं। इस दौरान कई बार जिन्हें पानी में तैरना नहीं आता है उनके साथ दुखद घटना होने का अंदेशा हो जाता है। हादसे की वजह से परिवार पूरी तरह से टूट जाता है तथा कई पीढ़ियों तक भी नहीं उभर पाता। अक्सर देखने में आया है कि नहर के किनारे बैठकर शराब वगैरा का सेवन भी करते हैं। उसके बाद नहर में नहाते हैं। नशा होने के कारण अक्सर नहर में डूबने से मौत हो जाती है। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो उसको रोकने के लिए पुलिस द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। एसपी कमलदीप गोयल ने जिला के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि अपनी नियमित गश्त के साथ साथ उनके थाना क्षेत्र में आने वाली सभी नहरों, नालों तथा तालाबों पर भी विशेष निगाह रखें तथा लोगों को इस संबंध में जागरूक भी करें। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि नहर व नदी किनारे गाड़ियां खड़ी कर शराब तथा अन्य प्रकार का नशा करने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करें।

---

### हवन यज्ञ के साथ नगर परिक्रमा लगाई गई

## प्राचीन नगर खेड़ा रादौर में भंडारे का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

रादौर के प्राचीन नगर खेड़े पर रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पहले सुबह के वक्त नगर खेड़ा पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गणमान्य ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख शांति व समृद्धि की कामना की। दोपहर के वक्त नगर परिक्रमा व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर खेड़ा के पुजारी प्रवीण जोगी व पूर्व सरपंच बालकिशन रोहिला ने बताया कि भंडारे से पहले हवन यज्ञ आयोजित कर क्षेत्र की सुख शांति, भाईचारे, व्यवसाय, अच्छी फसल, अच्छा व्यापार व स्वस्थ जीवन की कामना की गई। हवन यज्ञ के बाद नगर परिक्रमा कर सभी बीमारियों से रक्षा की कामना की गई। नगर परिक्रमा में सैंकड़ो लोगों ने भाग लिया। वहीं, दोपहर के वक्त आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**गांव फतेहगढ़ समेत आधा दर्जन गांव में हुए भंडारे**

रविवार को रादौर क्षेत्र के गांव फतेहगढ़, भगवानगढ़, बुबका, खुर्दबन, रतनगढ़ माजरा, कांजनू, अलाहर व अन्य गांवों में नगरखेड़ों पर भंडारो का आयोजन किया गया। भंडारों में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने नगरखेडों पर हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। गांव भगवानगढ़ के बलराम कश्यप नंबरदार, शुभम कश्यप, कमल, कृष्ण कुमार, गांव फतेहगढ़ के शुभम सैनी, विक्रम सैनी, बलबीर सैनी आदि ने बताया सुख शांति भंडारे का आयोजन किया गया है।

---

### जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज निबंध लेखन प्रतियोगिता

## निबंध लेखन में छात्रा गायत्री प्रथम रही



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में अन्वेषण, विकास व अंतरिक्ष क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अंतरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत सेटेलाइट व अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी विषय पर निबंध लेखन व चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के सेटेलाइट, उनके उपयोग व अंतरिक्ष स्टेशन से संबंधित विषयों पर अपने लेखन व चित्रकारी का सफल प्रदर्शन किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने बताया कि निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्रा गायत्री प्रथम, कृति द्वितीय व कशिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंतरिक्ष चित्रकारी प्रतियोगिता में जयश्री प्रथम, सोनालिका सैनी व हर्ष कुमार ने द्वितीय तथा चाहत प्रजापति व यशिका शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि हमारा देश भारत अंतरिक्ष में बड़ी तेजी से आगे बढ रहा है। अंतरिक्ष वैज्ञानिक इस पर जोर शोर से काम कर रहे हैं। उन्होंने इसकी उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारा भारत देश मानव सहित गगनयान भेजने की तैयारी कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर विज्ञान के चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी आकाश व गोकुल के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में डॉ. वंदना, डॉ. उमेश, डॉ. विकास, प्राची, रीनम व प्रशांत ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

---

### ईश्वरीय विवि रादौर में रक्तदान शिविर में 86 यूनिट रक्त एकत्रित

## रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति की बचाई जा सकती है जानः दीदी

- रक्तदान पुण्य कमाने का भी सर्वोत्तम साधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर

ईश्वरीय विश्वविद्यालय रादौर में पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि विश्व बंधुत्व दिवस के रुप में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 86 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में नगरपालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की प्रभारी बीके गीता दीदी ने की। संस्थान की प्रभारी बीके गीता दीदी ने बताया कि रक्तदान शिविर में रेडक्रास सोसायटी की टीम व ब्लड बैंक की टीम द्वारा 86 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान शिविर में रोटरी क्लब रादौर के सचिव भारत माटिया, रोटेरियन शुभम मंढाण खुर्दबन, मनोज चौधरी, रोटेरियन संजना सलुजा व रोटेरियन मोहित गर्ग आदि समेत रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। ने रक्तदान किया। यह शिविर संस्थान द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय रक्तदान महाअभियान का हिस्सा है। जिसके अंतर्गत भारत व नेपाल के 22 से 25 अगस्त तक 1500 से अधिक सेवा केंद्रों पर रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर आंचल दीदी, प्रमोद बंसल, मदन चोपड़ा, देवराज बुबका, हर्ष चौधरी, डॉक्टर शुभम सलुजा, संजना सलुजा, संगीता मेहता, प्रांचल मेहता, रूपिका, नेहा, जसवंत सिंह बंचल, मोहित गर्ग, मनोज चौधरी, चारुल, कोमल अरोड़ा, गशिका नरूला, अजय चौधरी, सौरभ व अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए अतिथि। फोटोः हरिभूमि

**लक्ष्य एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित करना**

इस अभियान का लक्ष्य एक लाख यूनिट रक्त एकत्रित कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना है। शिविर में अनेक रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। बीके गीता दीदी ने बताया कि हम सभी का कर्त्तव्य है कि जरूरतमंदो के लिए वर्ष में कम से कम दो बार अपना रक्त अवश्य दें। ताकि जरुरतमंदो की जान बचाई जा सके।

---

**प्रवचन** | जगाधरी स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित

## गुरु भक्ति से मनुष्य के जीवन में आती है सकारात्मकताः साध्वी सरस्वती भारती

**साध्वी ने साध संगत को समझाया भक्ति और आध्यात्म का महत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी सरस्वती भारती व श्रवण करती साध संगत। फोटोः हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी सरस्वती भारती ने भक्ति और अध्यात्म के महत्व को बताया। साध्वी सरस्वती भारती ने फरमाया कि आध्यात्म व भक्ति जैसा विशाल क्षेत्र बिना गुरु के पार करना असंभव है। संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी करते हैं तो उसके लिए भी सर्वश्रेष्ठ शिक्षक का चुनाव क्या किया जाता है। लेकिन विडंबना है कि हम भक्ति एवं आध्यात्म जैसे गहन क्षेत्र में बिना गुरु के ही उतरने का प्रयास करते हैं। हमारे संत महापुरुष कहते हैं कि गुरुज्ञान बिना भक्ति अधूरी है।

गुरु भक्ति के बिना परमात्मा की भक्ति के मर्म को नहीं पाया जा सकता। परमात्मा के लिए हमारी अंतर आत्मा में भाव तो उमड़ते हैं। लेकिन गुरु के बिना यह भाव दिशा विहीन होकर हमें संसार में भटका सकते हैं। गुरु कभी हमें स्वयं से नहीं जोड़ता वह तो ब्रह्म ज्ञान के द्वारा आत्म साक्षात्कार करवा के परमात्म तत्व से मिला देता है। जिसके पश्चात एक शिष्य के भीतर गुरु के प्रति भक्ति, श्रद्धा और विश्वास प्रकट होता है और उसे ही गुरू भक्ति का नाम दिया जाता है। यदि यह कहा जाए कि इस संसार समुद्र में गुरु भक्ति रूपी नौका मिलने पर ही हम परमात्मा रुपी मंजिल को प्राप्त कर सकते हैं तो यह अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह वास्तविकता है कि मनुष्य बिना सिखाए कुछ भी नहीं सीख पाता। हम यदि विचार करें तो बालपन से लेकर अब तक जो भी हमने अपने परिवार समाज से सीखा है। ऐसा ही हमारा व्यक्तित्व, आचरण एवं व्यवहार रहता है।

गुरु भक्ति को यदि जीवन का आधार बना दिया जाए तो सहज रूप से ही मनुष्य के जीवन में सकारात्मकता एवं पवित्रता आती है । क्योंकि गुरु भक्ति वह रक्षा कवच है जो हमारे मन, चित्त व बुद्धि पर अंकुश लगा कर हमारे जीवन को नकारात्मकता से सुरक्षित रखता है। गुरु भक्ति रूपी सम्पदा से सम्पन्न जीवन शांति, प्रेम, धैर्य से परिपूर्ण रहता है। हमारे मन में यह विचार अवश्य आ सकता है कि गुरुभक्ति एक बंधन है। जिसमें हम बंधा हुआ अनुभव करते हैं।

क्योंकि गुरु भक्ति में मनमानी के लिए कोई स्थान नहीं रहता। यह सत्य है कि गुरू भक्ति एक बंधन है। लेकिन ये ही एक मात्र ऐसा बंधन है जो हमें जन्म मरण एवं कर्म संस्कारों के बंधनों से सदा के लिए मुक्त कर देता है। गुरु अपने तपोबल के द्वारा शिष्य को आत्मबल प्रदान करते हैं। जिससे वह अंतर्मुखी होकर मन के विकारों पर विजय प्राप्त कर लेता है। शिष्य इस बात से भलीभांति परिचित हो जाता है कि गुरु की दृष्टि असीम है और ऐसा कोई क्षण या ऐसा कोई स्थान नहीं है। जहां गुरु की दृष्टि नहीं पहुंचती है।

ऐसा अनुभव होते ही शिष्य के मन के सभी विकार एवं वासनाएं समाप्त हो जाते हैं और शिष्य जीवन मुक्ति का आनंद अनुभव करता है। कार्यक्रम में साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से गुरु और प्रभु का गुणगान कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

खबर संक्षेप



## सतलुज स्कूल में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**शाहबाद।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया । देश के महान प्रतिभावान, निष्ठावान और देश के लिए समर्पित विज्ञान के द्वारा आज ही के दिन चंद्रमा पर सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 की लैंडिंग कराकर अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया था। इस अवसर पर स्कूल में कई प्रकार की गतिविधियां करवायी गई। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. आर. एस. घुम्मन के द्वारा बच्चों को बताया गया की विश्व के नक्शे पर भारतीय वैज्ञानिकों ने प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित कर देश का नाम रोशन किया।

## गांव की सुख-समृद्धि के लिए किया हवन

**लाडवा।** ग्रामीण क्षेत्र में रविवार को खेड़ा बाबा को खुश करने व गांव की सुख-समृद्धि के लिए हवन व भंडारों का आयोजन किया गया। गांववासियों ने अपने-अपने गांव में न केवल खेड़ा बाबा की पूजा-अर्चना की, बल्कि खेड़ा बाबा को दुध दही से नहलाया गया। सुबह से ही खेड़ा बाबा मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक गांवों में आज खेड़ा बाबा की पूजा-अर्चना कर खेड़ा बाबा को दूध व दही से नहलाया गया। कई गांवों में खेड़ा बाबा के मंदिर पर हवन व विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ 7 सी कुरुक्षेत्र स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री सुसंगीता भारती ने शिष्य के जीवन में गुरु आज्ञा का महत्व समझाते हुए कहा कि गुरु की शरण में जाकर उनसे ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त करना ही शिष्य के लिए पर्याप्त नहीं होता अपितु निरंतर गुरू आज्ञा में चलते हुए ध्यान साधना,सत्संग, सुमिरन और सेवा में संलग्न होकर जीवन के कर्तव्यों का पालन करते रहना ही एक शिष्य की जीवनचर्या होनी चाहिए।

## रोटरी क्लब ने स्कूल में लगवाया वाटर कूलर

**शाहबाद।** रोटरी क्लब द्वारा डी. ए. वी. सीनियर सैकंडरी स्कूल में एक नया वाटर कूलर स्थापित किया गया। यह वाटर कूलर समाजसेवी लाला रामकिशन दस गर्ग ने अपनी स्वर्गीय पत्नी कैलासवंती की याद में और अपने पोते अमन गर्ग के जन्मदिन पर लगवाया। इस अवसर पर उनके बेटे सुशील,राज कुमार गर्ग और उनके पोते सचिन गर्ग ने वाटर कूलर का उद्घाटन किया। डी. ए. वी. सीनियर सैकंडरी स्कूल में बच्चों और आमजन के लिए शुद्ध ठंडे पानी की सुविधा हेतु वॉटरकूलर स्थापित किया गया।

### तेजधार हथियारों से किया हमला, दो लोगों गंभीर रूप से घायल

# मेहरा और खरकाली गांव के दो गुटों में पुरानी रंजिश के चलते हुआ झगड़ा

- घायलों को इलाज के लिए लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में लाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

लाडवा के सरकारी अस्पताल में उस समय दहशत फैल गई जब अस्पताल के अंदर ही एक गुट ने दूसरे गुट पर तेजधार हथियारों से हमला कर दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यहीं नहीं अस्पताल में खड़ी गाड़ी को भी तोड़ दिया। घटना की सुचना मिलते ही लाडवा पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन तक तक हमला करने वाले मौके से फरार हो गए थे। सरेआम दिन-दहाड़े अस्पताल में हुए हमले से लोगों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को मेहरा व खरकाली गांव के दो गुटों में गांव मेहरा में झगड़ा हो गया। दोनों गुटों के बीच पुरानी रंजिश बताई जाती है और और दोनों ही गुट एक दूसरे के रिश्तेदार बताए जाते है। झगड़े में मेहरा गुट के दो युवक घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में लाया गया जहां अभी चिकित्सक उपचार करने ही वाले थे कि उससे पहले ही दूसरे गुट के खरकाली निवासी कुछ लोग अस्पताल में उनके पीछे-पीछे पहुंच गए और मेहरा गुट पर तेजधार हथियारों से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में इलाज करवाने आए युवकों की गाड़ी को भी अस्पताल में रखे गमले मार-मार को तोड़ दिया गया। घायल अवस्था में दोनों युवकों को चिकित्सकों द्वारा कुरुक्षेत्र के सरकारी अस्पताल रैफर कर दिया गया। घटना की सुचना मिलते ही लाडवा थानाध्यक्ष सुनील वत्स पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और मामले को गंभीरता से लेते हुए शहर के चारों तरफ नाकाबंदी कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दे की मामला पुरानी रंजिश का है।



लाडवा। सरकारी अस्पताल में झगड़े में घायलों का इलाज करती चिकित्सकों की टीम।

### दो पर मामला दर्ज कर किया काबू

जब इस बारे में लाडवा थानाध्यक्ष सुनील वत्स से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि खरकाली के दो युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने व सरकारी संपति को नुकसान करने सहित विभिन्न धारों के तहत मामला दर्ज कर काबू कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता उषा रानी ने बताया कि खरकाली निवासी हरदीप उर्फ सन्नी व मंदीप उर्फ गटू रविवार सुबह करीब 10 बजे उनके घर पर आए और घर में सो रहे उनके बेटे अरुण पर हमला बोल दिया। मौके पर अरुण के दोस्त असलम ने बचाव कर अरुण को उनसे बचाया। शोर मचाने पर दोनों हमला करके मौके से भाग गए। घायल अवस्था में अरुण को उनका दोस्त असलम उन्हें गाड़ी में लाडवा के सरकारी अस्पताल ले गए जहां पर पीछे-पीछे हरदीप उर्फ सन्नी व मंदीप उर्फ गटू खरकाली ने उन पर आकर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। दोनों हमलावरों ने अरुण के दोस्त असलम पर ज्यादा हमला कर उसे भी गंभीर रूप से घायल कर दिया और गाड़ी के शीशे तक तोड़ दिए। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने दोनों हमलावरों को काबू कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा उसे किसी भी सुरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## जय ओंकार आश्रम में हुआ साप्ताहिक सत्संग, विभिन्न जिलों से पहुंचे श्रद्धालु

**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग में विभिन्न जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। संगत ने गुरु महिमा का बखान किया और ओंकार भगवान के जयकारे लगा कर सर्व कल्याण की कामना की। कुरड़ी वाले महाराज स्वामी शक्तिदेव जी ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। प्रवचन करते हुए प्रेरणा दी कि प्रत्येक इंसान को अपने गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित और आश्रित रहना चाहिए। गुरु आज्ञा का पालन करने वाले जीव के जीवन में कभी भी अप्रिय घटना नहीं हो सकती, क्योंकि वह गुरु प्यार के आश्रित रहता है उसे यह ज्ञान भी हो जाता है कि समस्त जगत के प्राणी कर्मों के आश्रित दुःखों के आवागमन से बच नहीं सकते। इसीलिए पूर्ण रूप से गुरुदेव जी के प्रति आश्रित रहना ही महा सुखदाई है, जो कर्म-जाल से मुक्त कर दुःखों से सदा दूर रखते हैं। गुरुवाणी के आश्रित वहीं रह सकता है जो गुरुवाणी तथा गुरु सेवा को ही सर्वोपरि मानता है ,गुरु आज्ञा में रहने वाले के हृदय में परोपकार ,दया ,संतोष व प्राणियों के प्रति सेवा-भाव आदि दिव्य गुणों का स्वतः ही समावेश हो जाता है तथा गुरु प्यार से उसकी आत्मा जागृत हो जाती है तब जीव का गुरु आत्मा से आत्मिक संबंध जुड़ने पर उसे आत्मानंद मिलने लगता है जो आनंद केवल सभी आत्माओं के सृजक परमात्मा की शक्ति स्वरूप सद्गुरु ज्योति से ही पृथ्वी पर प्रकट रूप में ही मिलना संभव है। संघ संचालक पंडित शिवनारायण दीक्षित ने बताया गुरु चरणों की सेवा सर्वोपरि है सभी को अपने गुरुदेव जी का आशीर्वाद लेना चाहिए।



## बिशनगढ़ कॉलोनी में पीने के पानी की समस्या

**कुरुक्षेत्र।** झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ कॉलोनी में रहने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में सप्लाई हो रहे पानी में लगातार रेता आने से लोग परेशान हैं। कॉलोनी वासियों का कहना है कि इस गंदे पानी को पीने से कई लोग बीमार हो चुके हैं। नहाने और घरेलू कामों में भी इस पानी का इस्तेमाल करना लोगों की मजबूरी है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि इस समस्या की शिकायत कई बार सीएम विंडो पर भी दर्ज करवाई गई, जिसके बाद अधिकारी मौके पर आए और कुछ समय के लिए पानी सही भी चला। लेकिन कुछ ही दिनों बाद स्थिति फिर से वैसी ही हो गई और समस्या जस की तस बनी हुई है। कॉलोनी वासियों ने इस संबंध में सरपंच से भी कई बार गुहार लगाई है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

### प्राकृतिक फार्म पर ड्रेगन फ्रूट का चखा स्वाद

## सीएम हरियाणा के ओएसडी डॉ. राज नेहरू पहुंचे गुरुकुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी एवं श्रीविश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. राज नेहरु गुरुकुल कुरुक्षेत्र पहुंचे, जहां पर गुजरात के राज्यपालश्री आचार्य देवव्रत के ओएसडी डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. नेहरू के साथ जम्मू यूनिवर्सिटी की पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. मीनाक्षी भी गुरुकुल भ्रमण हेतु पधारीं। डॉ. विद्यालंकार ने अतिथियों को गुरुकुल का भ्रमण कराया। सर्वप्रथम उन्होंने गुरुकुल की अत्याधुनिक गोशाला देखी जहां पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी वाली ह्यपिंगानूरह्न नस्ल की गायों को बहुत पसंद किया। यहां पर इस नस्ल की पांच गाय और दो नन्दी हैं, इसके अलावा गोशाला में देशी नस्ल की 150 से अधिक गायें हैं। इसके बाद अश्वशाला, देवयान विद्यालय भवन, एनडीए ब्लॉक, आर्ष विद्यालय आदि विभिन्न प्रकल्पों का अतिथियों ने अवलोकन किया। डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार ने बताया कि गुरुकुल का यह नवस्वरूप आचार्य श्री देवव्रत जी की देन है, उन्होंने 35 वर्षों तक लोगों से सहयोग लेकर गुरुकुल की एक-एक ईंट को परिवर्तित करने का अद्भुत कार्य किया। गुरुकुल के फार्म पर डॉ. नेहरू ने प्राकृतिक खेती के विषय पर विस्तार से चर्चा की। यहां पर व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने फार्म पर उगायी जा रही धान, गन्ना, सब्जियों की फसलों के अलावा आम, लीची, सेब, अमरूद, बेर, खजूर सहित ड्रेगन फ्रूट की बागवानी और उत्पादन की जानकारी दीं। अतिथियों ने यहां पर प्राकृतिक ड्रेगन फ्रूट का लाजवाब स्वाद चखा और इसकी खूब प्रशंसा की।



## संविधान दिवस तक चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

**कुरुक्षेत्र।** डॉ बी आर अंबेडकर हेल्थ एजुकेशन समिती मथाना की ई लाइब्रेरी से संविधान दिवस जागरूकता समारोह 15 अगस्त 2025 से आरंभ होकर 26 नवंबर 2025 संविधान दिवस तक चलेगा। समिति की ई लाइब्रेरी वाहन के माध्यम से 26 बड़े छोटे कार्यक्रमों का आयोजन जिनमे जनप्रतिनिधियों की भागीदारी और अधिकारी गणों की भागीदारी रहेगी और संविधान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सूरजभान कटारिया ने मथाना गांव में बताया कि यह हम सबके लिए गर्भ गौरव की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 26 नवंबर गणतंत्र दिवस के बाद 26 नवम्बर संविधान दिवस को राष्ट्रीय पर्व घोषित किया है।



## लोग तनाव व अनियमित दिनचर्या के कारण बीमारियों से पीड़ितः हिमांशु जैन

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहार माजरा में डी.आर. जैन न्यूरोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लोहार माजरा में डी.आर. जैन न्यूरोकेयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में लोग तनाव, असंतुलित खानपान और अनियमित दिनचर्या के कारण कई तरह की बीमारियों से पीड़ति हो रहे हैं। डॉ. संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 2026वे कैंप में कुल 114 मरीजों की जांच और परामर्श किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं।



कुरुक्षेत्र। कैंप में मरीजों का चेकअप करते चिकित्सक।

### इस तरह के शिविर उपचार में सहायक

सरपंच प्रतिमा ने कहा कि गांव में डॉ हिमांशु जैन हॉस्पिटल के चिकित्सकों का पहुंचना, ग्रामीण समाज को सशक्त व स्वस्थ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। इस तरह के शिविर न केवल रोगों की पहचान और उपचार में सहायक सिद्ध होते हैं, बल्कि यह स्वास्थ्य जागरूकता का दीपक भी प्रज्ज्वलित करते हैं। शिविर में मोनिका कोऑर्डिनेटर, अंजू, अनीता, प्रवीण, अजय, कुलदीप, प्रधानाचार्य सरिता रानी, राजेश कौशिक, संदीप सिंह, सुषमा, ईश्वर दत्त, मुकेश, किरण सिंह, अनिल, राजेन्द्र सिंह शास्त्री सहित विद्यालय के शिक्षक, मीना, बलबीर, संदीप आदि मौजूद रहे।

## कुरुक्षेत्र को बनाया जाए पर्यटन व धार्मिक राजधानी : श्योकंद

- अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



गीता की जन्मस्थली धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के लिए इसे पर्यटन व धार्मिक राजधानी बनाया जाए। यह मांग अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रविवार को आयोजित एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्था के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने उठाई। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. श्योकंद ने कहा कि जिस प्रकार से कुरुक्षेत्र की पहचान गीता भूमि से है, उसी आधार पर इसे विश्वस्तरीय पहचान प्राप्त है। बावजूद इसके, भारत के अन्य धार्मिक शहरों की तुलना में कुरुक्षेत्र अभी भी पिछड़ा हुआ नजर आता है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को और मजबूती से उठाने के लिए आगामी 31 अगस्त को धर्मशाला में कुरुक्षेत्र की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त बैठक बुलाई गई है, ताकि राज्य और केंद्र सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की जा सके। उन्होने शहर की सभी संस्थाओं, सिविल सोसायटियों, प्रबुद्ध लोगों, शहर का विकास चाहने वाले सभी जनों से 31 को होने वाली इस बैठक मे भाग लेने की अपील की।

## विद्यार्थियों की प्रतिभा ने बिखेरा रंग

### अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल में लगाई रंगारंग कला प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

अक्षरा इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में प्रिंसिपल शोबे मैथ्यू के निर्देशन में भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला और रचनात्मकता का अनूठा प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों अरमानदीप, हरनूर, एकमप्रीत, महकप्रीत तथा कक्षा नौवीं की छात्रा सुखलीन कौर का विशेष योगदान रहा। वहीं अध्यापिकाएं श्रुति, नेहा, अनामिका और अंजू ने बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उत्साह को और प्रोत्साहित किया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने लिप्पन कला, मटकी सजावट, स्टोन पेंटिंग, टेक्सचर आर्ट, मंडला आर्ट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, भारत की पुरानी धरोहर, स्केच पेंटिंग, रंगीन चित्रकला और हस्तनिर्मित कठपुतली जैसी विविध कलाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे और रचनात्मक प्रदर्शन ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल की एमडी जन्नत काहड़ा ने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ह्लआज के बच्चे कल का भविष्य हैं। उनकी रचनात्मकता को मंच प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को आत्मविश्वास देती हैं और उन्हें समाज में अपनी पहचान बनाने का अवसर प्रदान करती हैं।ह्नवहीं प्रिंसिपल शोबे मैथ्यू ने कहा कि ह्लकला केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि यह बच्चों की सोच और व्यक्तित्व को आकार देने का एक माध्यम है।





कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के राज्य महासचिव महेश जोशी।

## राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को लेकर हरियाणा रेडक्रास अग्रणी : महेश जोशी

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा के राज्य महासचिव महेश जोशी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका को लेकर हरियाणा रेडक्रास अग्रणी है। इसी कड़ी में यूथ रेडक्रास विंग की ओर से युवाओं की ऊर्जा को राष्ट्र और मानव सेवा से जोडऩे का अनूठा प्रयास किया जा रहा है। हरियाणा रेडक्रास हर वर्ष इस तरह जिला, राज्यीय और अंतरराज्यीय शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसमें हजारों की संख्या में युवाओं को सेवाभाव के प्रेरित किया जाता है। राज्य महासचिव पंजाबी धर्मशाला में चल रहे सात दिवसीय अंतरराज्यीय यूथ रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर (लडकों के लिए) के उपलक्ष्य में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। 28 अगस्त तक चलने वाले यूथ प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को रेडक्रास का इतिहास, प्राथमिक सहायता, सडक सुरक्षा, प्राकृतिक संसधानों का सदुपयोग, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता, राष्ट्रीय एकता, संतुलित आहार तथा मोबाइल के दुष्परिणाम बारे जानकारी दी जाएगी।



लाडवा। गुरुकुल लाडवा खरकाली में विजेता टीम के साथ चेयरमैन डा.अमन पंजेटा व अन्य।

## गुरुकुल लाडवा खरकाली में सम्मान समारोह का आयोजन

**लाडवा।** गुरुकुल लाडवा खरकाली में रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सी.बी.एस.सी. कलस्टर गेम के बाद हरियाणा स्कूल गेम में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त करके आई गुरुकुल लाडवा खरकाली की टीम का जोरदार स्वागत किया। गुरुकुल लाडवा खरकाली के चेयरमैन डा.अमन पंजेटा ने बताया कि गुरुकुल लाडवा अंडर-14 फुटबाल टीम ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुए मैच में पहले गुरुकुल लाडवा की टीम ने शाहबाद मारकंडा फुटबाल टीम को 2-0 से हरा जीत प्राप्त की। इसके बाद फाइनल मैच गुरुकुल कुरुक्षेत्र के साथ हुआ, जिसमें 2-1 के अंतराल से गुरुकुल कुरुक्षेत्र की टीम को हराकर गुरुकुल लाडवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रविवार को गुरुकुल में पहुंचने पर विजेता टीम का जोरदार स्वागत किया गया तथा मैडल पहनाकर व पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर डा.अमन पंजेटा ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत गुरुकुल लाडवा की जीत नहीं है, बल्कि गुरुकुल के हर सदस्य व ग्रामीण आंचल में रहने वाले हर व्यक्ति की जीत है।

**कार्यक्रम** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि और विश्व बंधुत्व दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

### डोनेट किया गया एक यूनिट रक्त कई मरीजों के काम आता

# स्वस्थ व्यक्ति को हर तीन महीने के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए : डा. सुखबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला सिविल सर्जन डॉ सुखबीर सिंह मेहला ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। डोनेट किया गया एक यूनिट रक्त कई मरीजों के काम आता है। प्रेग्नेंट लेडीज, थैलेसीमिया, कैंसर, हार्ट पेशेंट, खून की कमी आदि अनेक बीमारियों में ग्रस्त मरीजों को अक्सर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने के अंतराल में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। वे रविवार को ब्रह्माकुमारीजः मुख्यालय माउंट आबू की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि और विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि विचार व्यक्त कर रहे थे। डॉ मेहला ने ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज हित में किए जा रहे पुण्य कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और संस्था से आग्रह किया कि वह नियमित रूप से ऐसे रक्तदान शिविरों का आयोजन करती रहे। इससे पहले राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन, सीएमओ डॉक्टर सुखबीर सिंह मेहला, जिला कंज्यूमर फोरम पानीपत के अध्यक्ष रणधीर कुमार डोगरा, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रवि बतान, जन स्वास्थ्य विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अनिल कुमार, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। बी के राधा बहन ने सभी अतिथियों को बैज और पटका पहना कर सम्मानित किया। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल ने इस रक्तदान अभियान को अन्य के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने बताया कि हिंदुस्तान में ही नहीं, अपितु नेपाल सहित 6000 सेवा केंद्रों में आज रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज द्वारा एक लाख से ज्यादा यूनिट रक्तदान कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाना बहुत बड़ी उपलब्धि है।



कुरुक्षेत्र। रक्तदाता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते सीएमओ डा. सुखबीर सिंह।

### 63 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर में 152 से भी ज्यादा भाई-बहनों ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया और वे रक्तदान के लिए पहुंचे भी, मगर चिकित्सीय जांच के बाद 63 लोगों का रक्तदान संभव हो पाया। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कहा कि दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष में यह रक्तदान किया गया। सारे विश्व के साथ हमारा गहरा संबंध है। केवल रक्तदान के लिए ही नहीं, बल्कि मन बुद्धि को भी परमात्मा से लगाने के लिए दादी जी की प्रेरणाएं पूरे विश्व को मिल रही है। उन्होंने बताया कि आज अनेक पुण्य कार्य होते हुए भी विश्व गिरावट की ओर चल रहा है। इसका मुख्य कारण इर्ष्या, द्वेष, नफरत, भेदभाव है। ब्रह्माकुमारी संस्था इन बुराइयों की जगह ईश्वर से प्यार करना सिखाती हैं। उन्होंने सभी महानुभावों और रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए उन्हें ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेक बहन भाई मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### 201 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

**अंबाला।** विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस पर ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र जग्गी कॉलोनी में ही विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला। इसमें मेडिकल टीम पीजीआई चंडीगढ़ से आई। इस मौके पर 201 रक्त वीरों ने रक्तदान किया। शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। शिविर में आए सभी रक्तदाताओं को बैच पहनाकर तिलक लगाया।

### टांगरी बांध क्रॉसिंग पर लगी ट्रैफिक लाइटें

**अंबाला।** अंबाला-जगाधरी रोड पर महेश नगर में टांगरी बांध रोड क्रासिंग पर भी ट्रैफिक लाइटें लग गई है। रविवार को सुबह से इन लाइटों का लगाने का काम चल रहा था। इन लाइटों के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अक्सर इस चौराहे पर चारों तरह से आने वाले वाहनों के कारण लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा। इस चौराहे के कारण सबसे ज्यादा अंबाला-जगाधरी हाईवे का यातायात प्रभावित हो रहा था। लंबे समय से यह लोगों की मांग बनी हुई थी।

### 28 को होगी समिति की मीटिंग

**अंबाला।** लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 28 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे अंबाला शहर के पंचायत भवन के सभागार में आयोजित होगी। सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक गर्ग ने बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़ें) विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में यह मीटिंग होगी।

### नेशनल लोक अदालत 13 को

**अंबाला।** सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायलय अंबाला और सब डिविजन नारायणगढ़ की अदालतों में 13 सितंबर 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थायी लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 सितंबर 2025 को किया जाएगा।

### खुद करें संपत्ति का सत्यापन

**अंबाला।** नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी संपत्तियों का स्व-सत्यापन नगर निगम की अधिकृत वेबसाइट पर जाकर अवश्य करें। स्व-सत्यापन कराने से आपकी संपत्ति की जानकारी सुरक्षित रहेगी। उसे केवल आपके पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से देखा जा सकेगा। इससे आपके व्यक्तिगत डाटा की गोपनीयता बनी रहेगी। आपकी संपत्ति से जुड़ी जानकारी सुरक्षित रहेगी।

# हार्ट सेंटर में दिल का उपचार हुआ महंगा, बिना मंजूरी टेस्ट फीस में की बढ़ोतरी

- मरीजों को पुराने दरों से फीस का भुगतान करने के निर्देश, दूसरे राज्यों से भी आते हैं उपचार के लिए मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) पर चल रहे हार्ट केयर सेंटर में मरीजों के उपचार करवाना अब महंगा हो जाएगा। हार्ट सेंटर संचालकों ने बिना राज्य सरकार की मंजूरी के यहां उपचार के दौरान मरीज के होने वाले टेस्टों के अचानक रेट बढ़ा दिए हैं। उपचार के अचानक बढ़े रेट की शिकायतें मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग भी हरकत में आ गया। विभाग की ओर से सेंटर को नोटिस जारी कर बढ़ाए गए रेट को लेकर जवाब मांगा गया है। पीएमओ ने मरीजों से कहा है कि वे टेस्ट कराते समय पुराने रेट पर ही भुगतान करें। उधर हार्ट सेंटर के बाहर अस्पताल में लगी पुराने रेटों की लिस्ट भी गायब बताई जा रही है।

### स्वास्थ्य विभाग ने हार्ट सेंटर संचालकों को भेजा नोटिस

अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल की पीएमओ डॉ. पूजा पेंटल ने इस मामले को लेकर सार्वजनिक सूचना जारी की है। उन्होंने कहा है कि हार्ट केयर सेंटर ने अपनी मनमर्जी से रेट बढ़ाए हैं जिसकी सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली है। उन्होंने मरीजों से पुराने रेटों पर ही भुगतान करने का आग्रह किया है। अधिकारी की ओर से यह बात भी कही गई है कि कंपनी ने उपचार का रेट बढ़ाए जाने का आग्रह राज्य सरकार से किया था। मगर सरकार की ओर से अभी तक इसकी कोई मंजूरी नहीं दी गई है। इसी वजह से पीएमओ ने मरीजों से पुराने रेट पर ही टेस्टों की फीस का भुगतान करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि अगर आदेश के बावजूद मरीजों से उपचार के नाम पर मनमानी फीस वसूली गई तो फिर स्वास्थ्य विभाग मामले में ठोस कार्रवाई करेगा।




फिलहाल सेंटर की ओर से अचानक बढ़ाए गए रेटों की वजह से मरीजों के परिजन बेहद परेशान हैं। उनका कहना है कि अगर स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस मामले में कोई कदम नहीं उठाया गया तो उनकी जेब पर भारी असर पड़ना तय है। बता दें कि अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में पीपीपी मोड पर हार्ट केयर सेंटर चल रहा है।यहां दिल की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों का सरकारी रेट पर उपचार किया जाता है। हालांकि अब सेंटर द्वारा 37 टेस्टों की फीस में अचानक बढ़ोतरी कर मरीजों के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। नए रेटों का लेकर कई शिकायतें स्वास्थ्य विभाग के पास पहुंची तो अब हार्ट सेंटर को नोटिस भेजा गया है। उसमें बढ़ाए गए रेटों को लेकर जवाब तलब किया गया है। साथ ही मरीजों से भी अपील की गई है कि वे पुरानी निर्धारित फीस ही दें। नागरिक अस्पताल परिसर में पहले से लगी रेट लिस्ट भी गायब कर दी गई है। इसके चलते मरीजों को मजबूरन बढ़े हुए दामों पर ही इलाज कराना पड़ रहा है। यह भी बता दें कि नागरिक अस्पताल में दिल से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए हरियाणा समेत कई पड़ोसी राज्यों से मरीज आ रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से पीपीपी मोड पर हार्ट सेंटर के संचालन की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी को दे रखी है।

## फसलों को भारी नुकसान की संभावना

# पहाड़ी क्षेत्र से आ रहे पानी से दर्जनों गांवों की फसलें हुई जलमग्न





**मुलाना।** समस्या से अवगत कराते किसान व क्षतिग्रस्त रास्ते फंसी कार निकालते लोग।

### किसान का आरोप कोई नहीं सुन रहा दर्द, आर्थिक संकट की पड़ेगी मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

मुलाना- बुडियों मार्ग पर दोसडका क्षेत्र के दर्जनों गांवों से होकर आ रहे बरसाती पानी से एमएम यूनिवर्सिटी के समीप के खेतों में काफी जलभराव हो गया । इस जलभराव के चलते किसानों की धान व गन्ने के के साथ चारें की फसलें भी पानी में डूब गई। यहां जमा पानी के चलते धान की फसल पर सब से ज्यादा खतरा मंडरा रहा है । इस के साथ ही यहां ढेरों ढाणियों में रहने वाले लोगो के लिए भी समस्या बनी हुई है । चारों ओर भूमि जलमग्न है। खेतों को जाने वाले गोहर पर भी कई फ़ीट पानी खड़ा हुआ है। इन लोगों का अपने कामों व बच्चों को स्कूल पहुंचना मुश्किल हो रहा है । कई दिनों से खेतों में खड़े पानी के चलते हैं जहरीले जीव भी पैदा होने लगे हैं। पानी की वजह से मार्ग भी खस्ताहाल हैं। पुलिस द्वारा बेरिकेट्स लगा रास्ते को बड़े वाहनों के लिए बंद कर दिया गया है। बता दें कि यहां पानी का तेज बहाव मार्ग के कुछ हिस्से को ही बहा ले गया। उधर फसलें खराब होने के भय से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों ने प्रशासन से जल्द ही समाधान की मांग है । उनका कहना है कि अन्यथा किसान समस्या हल के लिए सडकों पर उतरेंगे।

### हर साल जलभराव की समस्या

मुलाना के रहने वाले किसान जसमेर सिंह, हरदम सिंह, हरदीप राणा, सुभाष, प्रिंस, दलबीर,राजा गोसाई , मामराज सैनीं ने बताया कि पिछले क्षेत्र का सारा पानी मुलाना बुडियों रोड़ के खेतों से होते हुए गुजर रहा है। इस बार पानी अधिक मात्रा में है । जिसके चलते पानी ओवरफ्लो होकर मार्ग के उपर से गुजर रहा है। मुलाना-बुडियों मार्ग पर बनी अवैध कॉलोनियों से भी पानी निकासी प्रभावित हुई है। उन्होंने बताया कि अब ये हालात है कि सैकंडों एकड़ फसल खराब होने की कगार पर है। किसानों ने बताया कि ऐसा पिछले कुछ सालों से लगातार हो रहा है । हर बार प्रशासन समाधान का आश्वासन देता है लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया । जिससे किसानों के फसलें इसकी भेंट चढ रही है। डेरे में रहने वाले मामराज सैनीं ने बताया कि पानी की निकासी की समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है। पिछले कुछ साल तो प्रशासन को सड़क को उखाड़ कर उसमें से पानी की निकासी करनी पड़ी थी । उन्होंने बताया कि डेरे में बने कई घरों में पानी घुस चुका है। घरों में छोटे बच्चे है। घरों में पानी घुसने के कारण छतों पर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### कॉलोनियों से पानी निकासी बाधित

यहां रहने वाले मोहन, धर्मपाल व राहुल ने बताया कि मार्ग पर अवैध कॉलोनियों के चलते पानी निकासी बाधित हुई है। पिछले क्षेत्र का पानी मार्ग के उपर से गुजरता हुआ मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा कर रहा है। इसी के कारण मार्ग की खस्ताहाल है और खेतों में भी जलभराव है । अगर पानी निकासी समुचित हो तो मार्ग से पानी ही नहीं गुजरेगा ।

## पानी की टंकियों व घर में रखे कूलर और फ्रिज में जमा न होने दें पानी



**शहजादपुर।** पानी की टंकियों को चेक करता स्वास्थ्य कर्मी।

- जागरुकता से ही डेंगू से हो सकता है बचाव, बरसाती सीजन में सबसे ज्यादा होता है खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

बरसात के सीजन को देखते हुए डेंगू से बचाव हेतु सीएचसी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरप्रीत सिंह ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में डेंगू की रोकथाम और बचाव के उपायों को लेकर लोगों को जागरूक करें। उन्होंने सभी आशा वर्करों को आदेश दिए कि वे घर-घर जाकर लोगों को सचेत करें और विशेष रूप से छतों पर रखी पानी की टंकियों, घरों में रखे कूलरों, फ्रिज, गमलों आदि में पानी जमा न होने दें। पानी की टंकियों को ढककर रखने और कूलरों की नियमित सफाई करने की अपील की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं और बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनने, जुराबें व जूते डालने तथा रात को मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई। डॉ. गुरप्रीत सिंह ने कहा कि डेंगू एक मच्छर जनित बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए घरों व आस-पड़ोस में पानी जमा न होने दें। सप्ताह में एक दिन 'ड्राई डे' (सूखा दिवस) मनाकर कूलर, फ्रिज और गमलों की सफाई अवश्य करें। उन्होंने डेंगू से बचाव के लिए कहा कि हफ्ते में एक बार पानी की टंकियों और कूलरों की अच्छी तरह सफाई करें। घरों में मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव करवाएं। पूरी बाजू के कपड़े पहनें और सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगवाएं। उन्होंने बताया कि बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों में दर्द, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द, जी मिचलाना, उल्टी आना, लाल चकते निकलना, नाक/मसूड़ों से खून आना, भूख न लगना, अत्यधिक थकान डेंगू के लक्षण होते हैं गंभीर लक्षणों (लगातार उल्टी, आंतरिक रक्तस्त्राव, सांस लेने में कठिनाई, प्लेटलेट्स कम होना) पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से संपर्क करें।

## वेद ज्ञान मानव जीवन को देता है नई दिशा

- आर्य समाज में श्रावणी पर्व पर आयोजित हुआ सत्संग, हवन में डाली गई आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** हवन यज्ञ में आहुतियां डालते सत्संग में मौजूद गणमान्य लोग।

अंबाला शहर के रेलवे रोड स्थित आर्य समाज में रविवार को श्रावणी पर्व का आयोजन बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सत्संग का शुभारंभ वेद-मंत्रों के सामूहिक उच्चारण तथा हवन से हुआ। यज्ञ के उपरांत भजन-कीर्तन द्वारा वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।इस अवसर पर धर्मराज एवं मधु यजमान रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता एवं प्रवचन कर्ता के रूप में ' डॉ कामदेव झा' ने वेदों के संदेश पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा, सदाचार और समाज सेवा के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि वेद ज्ञान मानव जीवन को दिशा देता है।

हमें धर्म, कर्म तथा कर्तव्य का सही मार्ग प्रशस्त करता हैं । इसके पश्चात आर्य समाज रेलवे रोड के मंत्री एवं पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने सभी आर्यजनों को संबोधित करते हुए कहा कि-वैदिक धर्म, नारी शिक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक कुरीतियों का समूल उन्मूलन करना ही आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है । उन्होंने कहा कि "समाज का वास्तविक उत्थान तभी संभव है जब हम सत्य, अहिंसा और वैदिक मार्ग को अपनाएं।

आर्य समाज का उद्देश्य केवल धर्म का प्रचार नहीं बल्कि समाज को व्यसनमुक्त, शिक्षित और संगठित बनाना है। इसके उपरांत डीपी असीजा ने सभी का इस कार्यक्रम में आने व उनके सहयोग पर धन्यवाद प्रकट किया ।

## गुरु आज्ञा की सीमा में बंधा शिष्य गर्भस्थ शिशु की भांति रहता है सुरक्षित

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में आयोजित साप्ताहिक सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के मॉडल टाउन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री मनीषी भारती ने शिष्य के जीवन में गुरु आज्ञा का महत्व समझाते हुए कहा कि गुरु की शरण में जाकर उनसे ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त करना ही शिष्य के लिए पर्याप्त नहीं होता अपितु निरंतर गुरू आज्ञा में चलते हुए ध्यान साधना,सत्संग, सुमिरन और सेवा में संलग्न होकर जीवन के कर्तव्यों का पालन करते रहना ही एक शिष्य की



**अंबाला।** सत्संग के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

जीवनचर्या होनी चाहिए। भक्ति मार्ग अथवा ज्ञान मार्ग में श्रद्धा और विश्वास लक्ष्य तक पहुंचाते हैं जब प्रत्येक पड़ाव पर दिशा दिखाने वाली एक दिव्य शक्ति साथ चल रही हो और गुरू के रूप में वह दिव्य शक्ति हमारा दिशा निर्देश करती है। गुरु अपने शिष्य के भूत, भविष्य और वर्तमान से भलीभांति अवगत होते हैं। इसी लिए जब गुरू केवल शिष्य के कल्याण एवं आत्मिक उत्थान के लिए ही होती है। गुरु कभी अपनी व्यक्तिगत सेवा एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए शिष्य को कोई आज्ञा नहीं लगाते अपितु गुरू तो परमात्मा की वे अभिव्यक्ति हैं जो केवल अपने शिष्य को माया के नश्वर बंधनों व जीवन मरण के चक्र से मुक्त करने के लिए ही प्रयासरत रहते हैं। शिष्य जब इस बात की अनुभूति करता है तभी वह गुरू आज्ञा के महत्व को समझ पाता है। गुरू आज्ञा ऐसा रक्षा कवच है जिसका भेदन स्वयं यमराज भी नहीं कर सकते। गुरू आज्ञा की सीमा में बंधा हुआ शिष्य एक गर्भस्थ शिशु की भाँति सुरक्षित रहता है। गुरू अपने संपूर्ण तप और त्याग का फल शिष्य के आध्यात्मिक उत्थान के लिए लगा देता है। हमें भी अपने जीवन की अंधेरी राहों में गुरू आज्ञा रूपी प्रकाश की आवश्यकता है जो हमें जीवन की कठिन राहों में न तो भटकने देता है और न ही गिरने देता है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता पुस्तकालय सेवाओं में प्रभावी

- एमडीएसडी कॉलेज की लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान ने एआई को लेकर पेश किया शोधपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** संगोष्ठी में अपना शोत्रपत्र पेश करती डॉ. कौशल चौहान।

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में एप्लीकेशन ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एजूकेशन एंड रिसर्च में अवसर व चुनौतियों के विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस संगोष्ठी में अंबाला शहर के ही एमडीएसडी कॉलेज की लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान ने इंपेक्ट ऑफ आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस ऑन लाइब्रेरी में अवसर व चुनौतियों के साथ भविष्य के निर्देशन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने शोध पत्र में बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधुनिक समय में पुस्तकालय सेवाओं को और अधिक प्रभावी, त्वरित एवं उपयोगकर्ता-मित्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। चौहान ने यह भी स्पष्ट किया कि पुस्तकालयों में एआई का इस्तेमाल कैटलॉगिंग, ओपेक , सूचना खोज, डेटा विश्लेषण तथा व्यक्तिगत सूचना सेवाओं को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। उनके शोध पत्र को उपस्थित विद्वानों एवं प्रतिभागियों ने विशेष रूप से सराहा।

## जीएमएन कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने बिखेरा अपनी प्रतिभा का जलवा

# हरियाणवी नृत्य से कलाकारों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी प्रतिभा से धूम मचा दी। कई स्पर्धाओं में छात्रों ने नृत्य से खूब तालियं बटोरी। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कॉलेज के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के डांस क्लब एवं संगीत विभाग द्वारा हरियाणा कला परिषद के सहयोग से यह हरियाणवी सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम



**अंबाला।** कार्यक्रम में धमाल मचाते छात्र।

हरियाणा कला परिषद के निदेशक नागेंद्र शर्मा के विशेष सहयोग से आयोजित हुआ । इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद की ओर से वरिष्ठ प्रतिनिधि विशाल चोपड़ा भी मौजूद रहे। इस सांस्कृतिक महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य हरियाणवी संस्कृति की अनमोल परंपराओं, लोककला एवं लोकनृत्यों को मंच पर सजीव करना और नई पीढ़ी तक इसकी समृद्ध धरोहर को पहुंचाना रहा। डॉ. पीसी जोशी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में दिनेश घरौंडा के नेतृत्व में प्रस्तुत हरियाणवी लोकनृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कॉलेज के विद्यार्थी, प्राध्यापक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ इस सांस्कृतिक पर्व का आनंद उठाया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की भव्य सफलता पर आयोजकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज सदैव शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल छात्रों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से आत्मीयता के साथ जोड़ते हैं, बल्कि उनमें सामाजिक जिम्मेदारी, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव की नई चेतना भी जाग्रत करते हैं। दत्त ने कहा कि वैश्विक युग में जहां परंपराएं तेजी से लुप्त हो रही हैं।

### सांस्कृतिक धरोहर को भी दें समान

प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे न केवल अपनी अकादमिक उपलब्धियों पर ध्यान दें, बल्कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर को भी समान रूप से सम्मान और संवर्धन दें ताकि वे भविष्य में समाज के जिम्मेदार, संस्कारवान और रचनात्मक नागरिक बन सकें। कार्यक्रम संयोजक एवं युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के अधिष्ठाता डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि इस आयोजन का ध्येय युवाओं के हृदय में हरियाणवी कला एवं संस्कृति के प्रति जागरूकता और अनुराग जागृत करना है ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी जड़ों से गहराई से जुड़ी रहें और हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजती रहें।